FIROZABAD POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा "

प्रेस नोट थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद दिनांक 13.06.2025

(थाना सिरसागंज क्षेत्रान्तर्गत टोल प्लाजा के पास हुई फायरिंग की घटना का सफल अनावरण करते हुए थाना सिरसागंज व सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा मात्र 04 घण्टे में घटना में प्रयुक्त लाईसेन्सी पिस्टल के साथ दो अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार)

- **दिनांक 12.06.2025 की रात्रि में गुराऊ टोल के पास वादी श्री अजीत सिंह पुत्र माधव सिंह ग्राम गुराऊ थाना सिरसागंज जिला फिरोजाबाद के ऊपर जान से मारने की नियत से पिस्टल से फायरिंग की घटना को दिया गया था अन्जाम............**
- **फायरिंग में राहगीर राहुल चौधरी निवासी मथुरा को लगी थी गोली...........**
- **घटना के सम्बन्ध में थाना सिरसागंज पर मु0अ0सं0 320/2025 धारा 109/352 बीएनएस व 5/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया था।**
- **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दो पुलिस टीमों का गठन किया गया था। गठित टीम द्वारा हत्या का प्रयास की घटना को अन्जाम देने वाले दो अभियुक्तगण को मय हत्या के प्रयास में प्रयुक्त पिस्टल मय कारतूस व वाहन सहित किया गया गिरफ्तार।**

दिनांक 12.06.2025 को थाना सिरसागंज क्षेत्र में गुराऊ टोल प्लाजा के पास कार सवार दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी श्री अजीत सिंह पुत्र माधव सिंह ग्राम गुराऊ थाना सिरसागंज जिला फिरोजाबाद से फालूदा खाने के बाद रूपयों को लेकर हुए विवाद के कारण गाली गलौज करते हुए वादी के ऊपर लांइसेन्सी पिस्टल से जान से मारने की नियत से फायर कर दिया जिसमें वादी बाल बाल बच गया तथा राह चलते एक व्यक्ति जिसका नाम राहुल चौधरी निवासी जनपद मथुरा के गोली लगने से घायल हो गया था। वादी अजीत सिंह की लिखित तहरीर के आधार पर थाना सिरसागंज पर मु0अ0सं0 317/2025 धारा 109/352 बीएनएस बनाम अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत किया गया था। श्री

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, फिरोजाबाद द्वारा उक्त घटना के खुलासे हेतु / अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के नेतृत्व में दो पुलिस टीमों का गठन किया गया। थाना सिरसागंज पुलिस टीम व सर्विलांस टीम द्वारा महज 04 घण्टे में घटना का सफल अनावरण करते हुए प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1.अनुज पुत्र रामस्वरुप नि0 जसबन्त नगर थाना जसबन्त नगर जनपद इटावा उम्र करीब 35 वर्ष 2.हरिशंकर पुत्र शिवकुमार सिंह नि0 ग्राम बिलासपुर थाना जसबन्त नगर जनपद इटावा उम्र करीब 32 वर्ष मय घटना में प्रयुक्त लाईसेन्सी पिस्टल व वाहन संख्या UP75AD6557 सफेद रंग की कार सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना सिरसागंज पर मु0अ0सं0 320/2025 धारा 109/352 बीएनएस में धारा 5/25/27 आर्म्स एक्ट बढोत्तरी कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तगण को नियमानुसार मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा जा रहा है। विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण:-

1.अनुज पुत्र रामस्वरुप नि0 जसबन्त नगर थाना जसबन्त नगर जनपद इटावा उम्र करीव 35 वर्ष

2.हरिशंकर पुत्र शिवकुमार सिंह नि0 ग्राम बिलासपुर थाना जसबन्त नगर जनपद इटावा उम्र करीव 32 वर्ष

बरामदगी:-

1.एक अदद लाईसेन्सी पिस्टल .32 बोर

2.तीन अदद खोखा कारतूस .32 बोर

3.एक अदद कार रजि0नं0 UP75AD6557 रंग सफेद

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.थानाध्यक्ष वैभव कुमार सिंह थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

2.सर्विलांस प्रभारी उ0नि0 अमित तौमर मय सर्विलाइंस टीम जनपद फिरोजाबाद

3.उ0नि0 राजनारायण सिंह थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

4.उ0नि0 भैयालाल थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

5.उ0नि0 अशोक कुमार थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद

6.हे0का0 1051 पवन कुमार थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

7.का0 127 अमित थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

8.का0 959 राहुल पाल थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

9.का0 का0 604 अमित कुमार थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद